# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 01.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया अभियान की 10वीं वर्षगांठ पर दी शुभकामनाएं, कहा– 140 करोड़ देशवासियों के सामूहिक संकल्प से भारत ने डिजिटल भुगतान में रचा इतिहास।
- रेलवे ने आज से यात्री रेल सेवा के मूल किराये में वृद्धि लागू की, गैर–एसी में एक पैसा और एसी में दो पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ा किराया।
- देश मे जीएसटी लागू होने के पूरे हुए आठ साल, व्यवसायों को मिली सहूलियत, कर प्रणाली में पारदर्शिता और सुगमता को मिला बढ़ावा।
- खूंटी पुलिस ने किया ग्रामप्रधान हत्याकांड खुलासा, आठ आरोपी गिरफ्तार, देशी पिस्टल, जिंदा गोली और बाइक समेत कई सामान बरामद।
- राज्य के 19 जिलों में जून मे सामान्य से अधिक हुई बारिश, मौसम विभाग ने छह जुलाई तक भारी वर्षा की जताई संभावना।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने एक सौ चालीस करोड देशवासियों के सामूहिक संकल्प से डिजिटल भुगतान क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज डिजिटल इंडिया अभियान के दस वर्ष पूरे होने का ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि देश को डिजिटल रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए डिजिटल इंडिया अभियान दस वर्ष पहले शुरू किया गया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दशक बाद समग्र देश एक ऐसी यात्रा का साक्षी बना है जिसने असंख्य लोगों के जीवन को प्रभावित किया और सशक्तीकरण के नये दौर में प्रवेश करने में सहायक बना। श्री मोदी ने कहा कि इस पहल से स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्र भी लाभान्वित हुए हैं।

*******************

डिजिटल इंडिया ने देश के आम नागरिकों को तकनीक से जोड़ा है जिससे लोगों का जीवन और भी सरल बना है। हमारे संवाददाता ने बताया कि डिजिटल इंडिया पहल ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे सुदूर इलाकों में इंटरनेट की पहुंच बढ़ी है और सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो पाई हैं। एक रिपोर्ट –

*******************

देश में वस्तु और सेवा कर – जीएसटी लागू होने के आज आठ वर्ष पूरे हो गए हैं। इस कर प्रणाली को देश में आर्थिक एकीकरण और कर सुधारों की दिशा में एक बड़े बदलाव के रूप में साल 2017 में पेश किया गया था। इसने भारत में अप्रत्यक्ष करों की श्रृंखला को एकीकृत प्रणाली में बदल दिया है। जीएसटी ने कर अनुपालन को आसान बनाया है, व्यवसायों के लिए लागत कम की है और राज्यों में वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की है। इन उपायों ने न केवल व्यापार करने में सुगमता दी है बल्कि कर आधार को भी सशक्त बनाया है।

जीएसटी परिषद द्वारा देश में वस्तु और सेवा कर की दरें निर्धारित की जाती हैं, जिसमें केंद्र और राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। वर्तमान समय में देश की जीएसटी संरचना में चार मुख्य स्लैब – पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28

प्रतिशत हैं। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष करों जैसे उत्पाद शुल्क, सेवा कर, वैट और अन्य जैसे शुल्कों को समाप्त कर एकल कर व्यवस्था प्रारम्भ की है।

********************

रेल मंत्रालय ने यात्री रेल सेवा किरायों में आज से बदलाव लागू किया है। गैर–एसी मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ी के किरायों में मामूली बढ़ोतरी की गई है। इनका किराया एक पैसा प्रति किलोमीटर और एसी श्रेणी में दो पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि उपनगरीय एकल यात्रा किराए और मासिक सीजन टिकटों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट प्रभार और अन्य शुल्कों में भी कोई बदलाव नहीं होगा। इस कदम का उद्देश्य रेल किराए को युक्ति संगत बनाना और यात्री सेवाओं के लिए वित्त पोषण बढ़ाना है। एक रिपोर्ट–

********************

खूंटी में ग्रामप्रधान सह भाजपा कार्यकर्ता बलराम मुंडा की हत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य को हथियार के साथ पकड़ा गया। एसपी मनीष टोप्पो ने प्रेस वार्ता में बताया कि हत्या के बाद डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें सभी आरोपी पकड़े गए।

********************

रामगढ़ जिले के रामगढ़ वन प्रमंडल क्षेत्र के सभी प्रक्षेत्र में अलग–अलग प्लान के तहत करीब एक लाख 51 हज़ार पौधा रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक–सेंसेक्स और निफ्टी, आज सवेरे लगभग स्थिर कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक बम्बई शेयर बाजार का सेंसेक्स 43 अंक बढ़कर 83 हजार 649 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी, सात अंक बढ़कर 25 हजार 524 पर कारोबार कर रहा था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 89 हजार तीन सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

बैंक दिवस के अवसर पर हजारीबाग व्यवहार न्यायालय परिसर में एसबीआई एटीएम काउंटर और उप डाकघर का उद्घाटन जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि इससे कोर्ट आने वाले लोगों को तुरंत नकदी और दस्तावेजों के रजिस्ट्रेशन में सुविधा मिलेगी।

********************

राज्य के 19 जिलों में जून महीने के दौरान सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है, जिसमें रांची में सबसे अधिक 204 प्रतिशत अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं देवघर, गढ़वा, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जैसे पांच जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है। कल रांची समेत कई इलाकों में लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित रहा और बच्चों को स्कूल जाने में

परेशानी हुई। मौसम विभाग ने छह जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई है।

********************

पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा की हालत गंभीर है और उन्हें सिमडेगा से रांची रेफर किया गया है। सिर में गंभीर चोट के बाद उनका इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

********समाप्त************